डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक

पटना, 13 मार्च, सोमवार, 2023



**कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री MMallikarjun Kharge ने देश के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति श्री जगदीप धनखड़ से उनके आवास पर मुलाकात की।**

## संपादक की कलम से

हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नही समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं। कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-



**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278



**जब आप देश के पूर्वजों को गाली दे दे कर नौ साल गँवा रहे थे, तब भी विश्व देख रहा था। जब आप विदेश में खड़े होकर बोल रहे थे कि भारत में पैदा होना ही एक दुर्भाग्य था, तब भी विश्व सुन रहा था और आप पर हंस भी रहा था।**

**प्रधान मंत्री जी, बोए पेड़ बबूल का तो आम कहाँ ते होय.**

**: Pawan Khera**

# मोदी हैं 'टुकड़े टुकड़े गैंग' के मुखिया

पटना।कांग्रेस दर्पण

✓ आजादी के पहले 'टुकड़े टुकड़े गैंग' के मुखिया सावरकर थें। 1937 में सावरकर ने ही द्विराष्ट्र सिद्धांत पेश किया था। जिसमें हिंदुओं को मुस्लिमों से अलग कर दो देश हिंदुस्तान और पाकिस्तान के निर्माण की बात कही गई थी।

✓ आजादी के 75 साल बाद 'टुकड़े टुकड़े गैंग' की कमान सावरकर के ही उत्तराधिकारी मोदी के हाथों में है। मोदी और उनकी झूठ ब्रिगेड देश को धार्मिक और भाषाई आधार पर बांटने का लगातार प्रयास कर रही है।

'फूट डालो और चुनाव जीतो' के मंत्र पर काम कर रही मोदी सरकार ने पहले हिंदुओं को मुसलमानों से लड़ाया, अगड़ों को पिछड़ों से लड़ाया, फिर सवर्णों को दलितों से लड़ाया, फिर किसानों को देशद्रोही और गद्दार साबित करने की कोशिश की, फिर रोजगार की बात करने वाले छात्रों को आतंकी बताया... मतलब देश के नागरिकों में कई फाड़ कर दिए।

✓ असम और मिजोरम के बीच विवाद खत्म नहीं हुआ था कि महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच आग लगवा दी। ऐसा पहली बार हो रहा है जब राज्य आपस में लड़ रहे हैं। दरअसल, ये विवाद भी मोदी और शाह की चाल है।

इनदिनों पंजाब अलगाववादियों के बारूद पर बैठा है, कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। लेकिन मोदी और शाह इसके चुनावी लाभ लेने के लिए इस पर कार्रवाई करने की बजाये इसे बढने दे रहे हैं। जबकि ये बात तय है कि केंद्र सरकार ने इस पर एक्शन न लिया तो नासूर अमृतपाल देश के लिए कैंसर बन जाएगा।

✓ ताजा मामला तमिलनाडु में बिहारी मज़दूरों पर हमलों की अफ़वाह को पूरे देश में फैलाने का है। मोदी के झूठ ब्रिगेड द्वारा फैलाए जा रहे अफवाह का नुक़सान इसीलिए बहुत गहरा है कि वह देश के ही कई हिस्सों में बांटने की साज़िश है।

इस अफ़वाह को फैलाने वाले भाजपा के नेता थे। एक ही नहीं, कई राज्यों के भाजपा नेता। इन नेताओं के साथ गोदी मीडिया ने भी ये प्रोपेगेंडा फैलाने में मदद किया कि दक्षिण के लोग उत्तर भारतीयों से नफरत करते हैं।

इस अफवाह को फेसबुक और व्हाटस्एप यूनिवर्सिटी के माध्यम से उत्तरभारतीयों के प्रत्येक परिवारों तक पहुंचाया गया। ताकि उनके मन में तमिलों के लिए नफरत पैदा हो सके।

इस अफवाह का असली मकसद हिंदीभाषियों के मन में यह बैठा देना है कि तमिलनाडु का हिंदी को क़बूल न करना भारत विरोधी है। इस 'भारत विरोध' को समाप्त करना ही राष्ट्रवाद है इसलिए भाजपा का शासन आवश्यक है, यही बात हिंदीवालों को संघ की शाखाओं में समझाया भी जाता है।

✓ हमलों की अफ़वाह के साथ यह ख़बर भी कि हिंसा के भय से बिहारी मज़दूर तमिलनाडु छोड़ भाग रहे है। होली के समय अफवाह फैलाकर भाजपा ये बताना चाहती थी कि तमिल हिंदीभाषियों को होली का त्यौहार तक नहीं मनाने दे रहे हैं।

✓ इस प्रोपेगेंडा से सिर्फ़ बिहार नहीं, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि हिंदी भाषी राज्यों के लोगों में भी तमिलनाडु को लेकर एक डर और आशंका तो बैठ ही जाएगी। जिससे बाद में उत्तरभारतीय भी तमिलनाडु वालों से नफरत करने लगेंगे।

✓ भारत के लोगों को आपस में ही भिड़ाने की यह कोई भाजपाई 'टुकड़े टुकड़े गैंग' की पहली हरकत नहीं है। कुछ समय पहले ही गृहमंत्री अमित शाह कर्नाटक में बोल रहे थे कि ,कर्नाटक के क़रीब केरल है, जिससे कर्नाटक के लोगों को सावधान रहने की ज़रूरत है।

गैरहिंदी भाषी राज्यों के प्रति हिंदी प्रदेशों में घृणा भरने की भी इनकी कोशिश है। उत्तर प्रदेश के चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं ने वोट मांगते हुए कहा था कि उत्तर प्रदेश को केरल, बंगाल और तमिलनाडु होने से बचाना है।

✓ केरल के प्रति फैलाये गए भाजपाई घृणा का आलम ये है कि जब केरल बाढ़ की तबाही से जूझ रहा था, तब हिंदुत्ववादी उसे किसी तरह की मदद देने से लोगों को मना कर रहे थे। कहा जा रहा था कि उन्हें मरने दो, ईश्वर ने गोमांस खाने का दंड केरल वालों को दिया है।

जागो देशवासियों, सच और झूठ में फर्क समझों...

वरना कुर्सी के लिए देश की एकता को भाजपाई बट्टा लगा देंगे,सब आपस में लड़ने लगेंगे,और भाजपाई सत्ता की मलाई चाटेंगे

ये तब की बात है, जब मोदी जी मुख्यमंत्री थे।



## टुकड़े टुकड़े गैंग हर दिन बेशर्मी और अमानवीयता की सीमा लांघ रही

हिंदुस्तान के टुकड़े करवाकर पाकिस्तान बनवाने में जिन्ना का सहयोग करने वाले सावरकर की टुकड़े टुकड़े गैंग हर दिन बेशर्मी और अमानवीयता की सीमा लांघ रही है।

इनकी करतूतों को देखकर साफ लगता है कि ये सत्ता की खातिर हिंदुस्तान को कई टुकड़ों में बांट सकते हैं।

इन्हें देश की एकता,विविधता से कोई लेना देना नहीं है।

आजादी के 75 साल बाद 'टुकड़े टुकड़े गैंग' की कमान सावरकर के ही उत्तराधिकारी प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में है। मोदी और उनकी झूठ ब्रिगेड देश को धार्मिक और भाषाई आधार पर बांटने का लगातार और नाकाम प्रयास कर रही है।

'फूट डालो और चुनाव जीतो' के मंत्र पर काम कर रही भाजपा ने पहले हिंदुओं को मुसलमानों से लड़ाया,

अगड़ों को पिछड़ों से लड़ाया, सवर्णों को दलितों से लड़ाया,

फिर किसानों को देशद्रोही और गद्दार साबित करने की कोशिश की,

फिर रोजगार की बात करने वाले छात्रों को आतंकी बताया...

मतलब अपने अधिकारों की बात करने वाले लोगों को सरकार ने देशद्रोही बना दिया।

असम और मिजोरम के बीच विवाद खत्म नहीं हुआ था कि महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच आग लगवा दी।

ऐसा पहली बार हो रहा है जब राज्य आपस में लड़ रहे हैं। दरअसल, ये विवाद प्रधानमंत्री और गृहमंत्री शाह के नापाक इरादों का कच्चा चिट्ठा भी है।

ताजा उदाहरण तमिलनाडु में बिहारी मज़दूरों पर हमलों की अफ़वाह को पूरे देश में फैलाने का है।

भाजपा के झूठ ब्रिगेड द्वारा फैलाए जा रहे अफवाह का नुक़सान इसीलिए बहुत गहरा है कि वह देश के ही कई हिस्सों में बांटने की साज़िश है।

इस अफ़वाह को फैलाने में भाजपा नेताओं के अलावा एक नफरती और गलीज मानसिकता वाला युट्यूबर मनीष कश्यप भी शमिल था।

नफरत के इन सौदागरों ने पूरे देश में ये प्रोपेगेंडा फैलाने का काम किया कि दक्षिण के लोग उत्तर भारतीयों से नफरत करते हैं।

इस अफवाह को फेसबुक और व्हाटस्एप यूनिवर्सिटी के माध्यम से उत्तरभारतीयों के प्रत्येक परिवारों तक पहुंचाया गया। ताकि उनके मन में तमिलों के लिए नफरत पैदा हो सके।

इस अफवाह का असली मकसद हिंदीभाषियों के मन में यह बैठा देना है कि तमिलनाडु का हिंदी को क़बूल न करना भारत विरोधी है। इस 'भारत विरोध' को समाप्त करना ही राष्ट्रवाद है ,इसलिए भाजपा का शासन आवश्यक है। यही बात हिंदीवालों को संघ की शाखाओं में समझाया भी जाता है।

होली के समय अफवाह फैलाकर भाजपा ये बताना चाहती थी कि तमिल हिंदीभाषियों को होली का त्यौहार तक नहीं मनाने दे रहे हैं।

इस प्रोपेगेंडा से सिर्फ़ बिहार ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि हिंदी भाषी राज्यों के लोगों में दक्षिण के प्रति घृणा भरने की नाकाम करतूत की गई।

भारतवासियों को आपस में ही भिड़ाने की यह कोई भाजपाई 'टुकड़े टुकड़े गैंग' की पहली हरकत नहीं है।

गैरहिंदी भाषी राज्यों के प्रति हिंदी प्रदेशों में घृणा भरने की इनकी कोशिश पुरानी है। उत्तर प्रदेश के चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं ने वोट मांगते हुए कहा था कि उत्तर प्रदेश को केरल, बंगाल और तमिलनाडु होने से बचाना है।

शायद आपको याद होगा कि केरल के प्रति फैलाये गए भाजपाई घृणा का आलम ये था कि जब केरल बाढ़ की तबाही से जूझ रहा था, तब हिंदुत्ववादी उसे किसी तरह की मदद देने से लोगों को मना कर रहे थे। कहा जा रहा था कि उन्हें मरने दो, ईश्वर ने गोमांस खाने का दंड केरल वालों को दिया है।

ये सही वक्त है देशवासियों को सच और झूठ में फर्क समझने का... वरना,भाजपाई प्रोपेगेंडा से उपजे जहर को आने वाली पीढ़ियों को ही पीना पड़ेगा।

# दांडी मार्च वर्षगाठ के अवसर पर देश से नफ़रत, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी को समाप्त करने का संकल्प दोहराया






**पटना।कांग्रेस दर्पण**

आज से 93 वर्ष पूर्व अंग्रेजी हुकूमत द्वारा बनाए गए कठोर नमक कानून को तोड़ने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम से दांडी तक के पैदल यात्रा का शुभारंभ किया था, जो आजादी के इतिहास की महत्वपूर्ण घटना था, जिसे हम हमेशा याद करते है।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, प्रद्युमन दुबे, राजकिशोर शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, मो समद, असरफ इमाम, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय आदि ने कहा दांडी मार्च दिवस पर हम सभी स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों के पदचिन्हों को नमन कर देश में फैले नफरत, भ्रष्टाचार, घोटाले, कमरतोड़ महंगाई, चरम पर पहुंची बेरोजगारी को समाप्त करने का संकल्प दोहराते हुए चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद किया गया।

आज गया के स्थानीय चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता एकजुट होकर दांडी मार्च के नेतृत्वकर्ता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित सभी महान स्वतंत्रता सेनानियो को नमन कर देश में सत्ताशीन मोदी सरकार के गलत नीतियों, विफलताओं के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद कर अगामी लोकसभा चुनाव में उखाड़ फेंकने का संकल्प दोहराया गया।

नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता, मोदी सरकार के गलत नीतियों, विफलताओं के खिलाफ संपूर्ण देश में आवाज बुलंद करने वाले राहुल गांधी जी ने 4000 किलोमीटर की पदयात्रा ₹ भारत जोड़ो यात्रा ₹ जिसमे देश के करोड़ों लोग कन्याकुमारी से कश्मीर तक शामिल होकर महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने का काम किए।

नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चल कर , उनके सत्याग्रह आंदोलन का अनुकरण कर देश की महान जनता के सहयोग से आंदोलन जारी रखेगी।

# सीमांचल में सेखड़ा जाति को जनगणना सूची में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को लिखा पत्र

**पटना।कांग्रेस दर्पण**

**इन्तेखाब आलम**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को पत्र के माध्यम से जाति आधारित जनगणना की जाति सूची में सेखड़ा जाति को सम्मिलित करने और जाति कोड निर्धारित करने के सम्बन्ध में मांग किया है।

इन्होंने कहा सेखड़ा जाति बिहार राज्य में मुसलमानों की एक प्रमुख जाति है। इस जाति के लोगों की संख्या पूरे बिहार के विभिन्न जिलों में 25 लाख से भी अधिक है। बिहार सरकार द्वारा अत्यंत पिछड़ी जाति की सूची में सेखड़ा जाति क्रम से. 55 पर अंकित है। भारत सरकार के असामान्य गजट 12011/14/2004 इउउ दिनांक 12/03/2007



में सेखड़ा जाति अन्य पिछड़ा वर्ग में क्रम सं 67 पर उल्लिखित है।

इन्होंने कहा कि सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के जाति आधारित जनगणना के प्रशिक्षण संबंधी पत्र सं 4206 दिनांक 01/03/2023 के साथ संलग्न जाति एवं जाति कोड की सूची में सेखड़ा जाति को सम्मिलित नहीं किया गया है जिस से इस जाति के लाखों लोग अत्यंत दुखी और अचंभित हैं।

श्री आलम ने कहा कि ऐसी संभावना है कि लिपिकीय भूल अथवा दृष्टि चूक के कारण ऐसा हो गया हो। सेखड़ा जाति के लोगों की इतनी बड़ी संख्या के मद्देनजर इस जाति को जाति जनगणना में शामिल किया जाना अपरिहार्य है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है।

इन्होंने अनुरोध करते हुए कहा कि उक्त बिन्दु पर गम्भीरतापूर्वक विचार करते हुए सेखड़ा जाति को जनगणना की जाति सूची में शामिल करते हुए जाति कोड आवंटित करने हेतु आवश्यक निर्देश देने की कृपा की जाए ताकि सेखड़ा जाति के लाखों लोग इस का लाभ मिल सके।

## आवश्यक सूचना

दिनांक 13/3/2023 सुबह 10:30 बजे केंद्र की मोदी सरकार द्वारा सरकारी योजनाओं का अदानी के लिए दुरुपयोग के विरोध में राजभवन मार्च ,छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा जी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहन मरकाम जी के नेतृत्व में रखी गई है,आप सभी कांग्रेसजन की उपस्थिति प्रार्थनीय एवं अनिवार्य है। अतः आप सभी प्रदेश एवं रायपुर शहर में निवासरत प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के सदस्य, सम्मानीय वरिष्ठजन, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक,पार्षद, पूर्व पार्षद,समस्त प्रदेश पदाधिकारी, शहर एवं ब्लॉक पदाधिकारी,वार्ड पदाधिकारी एवं सभी सम्मानित सदस्यगण ,महिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं सदस्यगण,युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान काग्रेस, असंगठित क्षेत्र जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ ,अल्पसंख्यक विभाग, अनुसूचित जाति जनजाति विभाग,पिछड़ा वर्ग विभाग,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ, बुथ अध्यक्ष,सेक्टर अध्यक्ष,जोन अध्यक्ष एवं सभी मोर्चा प्रकोष्ठों के सम्मानीयजन एवं समस्त कांग्रेसजनों से निवेदन है सुबह 10:30 बजे अंबेडकर जी की मूर्ति घड़ी चौक के पास में उपस्थित होवें*

धन्यवाद

गिरीश दुबे, अध्यक्ष, शहर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर छत्तीसगढ़

# कांग्रेस ने संसद से सड़क तक जनता की आवाज बनकर निभाई जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका

**पटना।कांग्रेस दर्पण**

कांग्रेस पार्टी ने जिम्मेदार विपक्ष के रूप में संसद से सड़क तक जनहित में बखूबी अपनी भूमिका निभाई है और इसी को आधार बनाकर पार्टी इस साल होने वाले विधानसभाओं के चुनावों तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरे आत्मविश्वास के साथ जनता के बीच जाएगी। कांग्रेस पार्टी की हर गतिविधि जनता की भावना के अनुकूल रही है और उसने जनहित के मुद्दों पर सरकार को संसद से सड़क तक घेरकर जनता के हित में कदम उठाने को कई बार मजबूर भी किया है। हर आंदोलन में और जनता के हर मुद्दे पर कांग्रेस ने लोगों के साथ खड़े होकर उनका साथ दिया और इससे पार्टी में और अधिक आत्मविश्वास पैदा हुआ है। नूर आलम शेख़ जी ने कहा लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोकतंत्र को बचाए रखने में विपक्ष एक मजबूत तंत्र होता है और कांग्रेस ने संसद में जनता की आवाज बनकर एक मजबूत विपक्ष के रूप में लगातार महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। सरकार को संसद में देश हित से जुड़े मुद्दों पर झुकने र सड़कों पर उतरकर सबसे बड़ा जन अभियान चलाया। संसद में सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाया है।

विपक्षी नेताओं के भाषणों के अंश हटाए हैं, बोलने की आजादी नहीं दी, विपक्ष के मुद्दों को तबज्जो नहीं दी और बड़े बहुमत का फायदा उठाने का हर बार प्रयास किया इसके बावजूद कांग्रेस की आवाज नहीं दवाई जा सकी। नूर आलम शेख़ जी ने कहा कांग्रेस पार्टी ने संसद ही नहीं सड़कों पर उतरकर भी दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया है। संसद तथा संसद के बाहर जनता की आवाज बनी और उनके शुरु सवाल उठाए हैं। उदयपुर चिंतन शिविर में भारत जोड़ो यात्रा निकालने का निर्णय लिया तो कुछ ही माह बाद नूर आलम शेख़ जी ने कहा कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी ने पैदल यात्रा को जो देश में जनता से संवाद कर यह दुनिया का सबसे बड़ा जन आंदोलन बना। पार्टी की गतिविधियों और विपक्षी दल की सफल भूमिका में लोकतंत्र किस तरह से मजबूत है उदाहरण कांग्रेस इसका अध्यक्ष का सफल चुनाव है जिसमें 9000 प्रतिनिधियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर कांग्रेस अध्यक्ष का सफल निर्वाचन किया गया। इस चुनाव में सभी वर्गों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और लोकतांत्रिक तरीके से पाटी के अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न हुआ। इसी तरह से पार्टी ने संसद में विपक्ष की सफल भूमिका निभाई, भारत जोड़ी यात्रा का सफल क आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोग लोग जुड़, पैदल रायपुर में महाधिवेशन का आयोजन किया और अब जनता से सीधे संवाद के लिए हाथ से हाथ जोड़ो इस साध अभियान पूरे देश में चल रहा है। कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने छत्तीसगढ़ में न्याय योजना शुरू की, राजस्थान तथा हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना रुकी। भाजपा सरकार का जबरदस्त बहुमत है, लेकिन कांग्रेस ने संसद में सरकार को कई मुद्दों पर सही दिशा में चलने को मजबूर किया है। यहां तक किसानों को लूटने के लिए बना काला कानून किसानों ने वापस लेने के लिए सरकार पर आंदोलन कर दबाव बनाया लेकिन कांग्रेस किसानों के साथ रही है और सदन में को लेकर इसका र को कानून वापस लेने के लिए मजबूर किया है




कांग्रेस ने संसद ही नहीं सड़कों पर उतरकर भी उतरकर भी जनता के मुद्दे उठाए हैं और जनता को उनका हक दिलाया है। काले कृषि कानून हो या सीएए कानून को लेकर [ विरोध हुए प्रदर्शन हो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतारकर जनता की आवाज को बुलंद किया और सरकार को जनहित के फैसले लेने के लिए मजबूर किया और यही एक मजबूत तथा चुनाव में वोट मांगने भी जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका होती है।राहुल गांधी ने संकल्प के अनुसार किया जो 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होते । से होते हुए 3700 किलोमीटर पैदल चलकर जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में पूरी की। इस यात्रा के माध्यम से श्री गांधी ने देश की जनता के आंसू पोछने का काम किया और उनकी उम्मीद बने। यही वजह है कि देश के लाखों करोड़ों लोग इस यात्रा जुड़े और यह दुनिया का सबसे बड़ा जन संपर्क अभियान बना कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस ने सरकार से अडानी समूह को लेकर जो सवाल पूछे हैं उन पर मोदी सरकार मौन है। श्री मोदी संसद में लम्बा भाषण देते हैं, लेकिन इस बारे में कुछ नहीं बोलते। इस सरकार का कोई मंत्री अडानी घोटाले को लेकर एक शब्द नहीं बोलता भले ही सरकार इस महाघोटाले के बारे में चुप्पी साधे हो, लेकिन लोगों के सवालों को कांग्रेस ने बेखौफ होकर उठाया है और एक सफल साथ विपक्ष के रूप में जनता की आवाज बनी है। महाधिवेशन में महिलाओं, आदिवासियों रायपुर र सरकार और अल्पसंख्यकों, कमजोर वर्गों, किसान आदि के लिए जो प्रस्ताव पारित हुए हैं वह सामाजिक बराबरी का नया आधार बना है। इसमें बड़ी बात यह है कि उदयपु र संकल्प के अनुसार युवाओं को पार्टी संगठन में तरजीह देने का फैसला लिया गया है। महाधिवेशन युवाओं कादन का संगठन में 50 प्रतिशत सीटें यह भी संकल्प लिया गया है कि पार्टी 2024 के चुनाव में पूरी शिद्दत और आत्मविश्वास के साथ जनता को गिनाएगी के बीच जाएगी और अपनी उपलब्धियों को गि हिमाचल प्रदेश में सरकार न्याय, पुरानी पेंशन तथा अन्य जनहित के काम कर रही है। इससे जनता का कांग्रेस पर भरोसा बढ़ा है और उसके इस बढ़े विश्वास को देखते हुए कांग्रेस जनता के बीच 2024 के आम सामने भी जाएगी। भारत का आकार ने इस अवधि में 27 करोड़ लोगों को ..2004 से 2014 के बीच महत्वपूर्ण कार्य हुए गरीबी की रेखा से बाहर निकालने का काम किया। जनता को भोजन का अधिकार, मनरेगा, शिक्षा का अधिकार देकर जल जंगल की बात की और जनता के हित में हर कदम पर निर्णय लिए हैं। नूर आलम शेख़ जी ने कहा कांग्रेस फालतू के दावे और जुमले नहीं करती है। पार्टी ने विपक्षी दल के रूप में प्रखरता से सरकार को जन विरोधी फैसले वापस लेने के लिए काम किया है। उससे कांग्रेस के हौसले बढ़े हैं और आने वाले समय में राज्य विधानसभाओं के महत्वपूर्ण चुनावों के बाद आम चुनाव होंगे तो कांग्रेस इन मुद्दों पर जनता के बीच जाएगी और सरकार की नाकामयाबी गिनाएगी।

**नूर आलम शेख़**
**सीतामढ़ी जय कांग्रेस जय बिहार प्रदेश**

# कोट माई स्थान परिसर चौतरवा में कांग्रेस पार्टी के पिछड़ा अति पिछड़ा आई टी सेल विभाग के कार्यकर्ताओं की बैठक

**पटना।कांग्रेस दर्पण**

कोट माई स्थान परिसर चौतरवा में कांग्रेस पार्टी के पिछड़ा अति पिछड़ा आई टी सेल विभाग के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश आई टी सेल पिछड़ा अति पिछड़ा विभाग मिडिया सेल के डां गौतम कुमार व बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह जी रहे सभा को संबोधित करते हुए जय सिंह ने बताया कि पार्टी की सदस्यता अभियान पर जोर देते हुए कहा कि जब तक हमारी पार्टी मजबूत नहीं होगी तब तक हम किसी भी लक्ष्य पूरा करने में सक्षम नहीं हो सकतें इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों के दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया प्रखंड बगहा 1 के 24 पंचायतों से आए पंचायत अध्यक्ष नियुक्त पत्र दे कर सम्मानित किया गया बैठक में पार्टी के कार्यकर्ता विनय यादव, यादवेन्द्र यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष तुफैल अहमद सुजीत कुमार सोनी, मोहन चौधरी, शत्रुघ्न साह नीरज शर्मा चन्द्र राम, दिनेश यादव, उमेश यादव हरि पंडित,शेष चन्द यादव वगैरह कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे



# हाथ जोड़ो अभियान का जोरदार आगाज



**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

जिला कांग्रेस कमिटी बेगूसराय ने राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर पर भारत जोड़ो यात्रा की अप्रत्याशित सफलता क़े पश्चात अपने अगले बड़े कार्यक्रम हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का जोरदार आगाज किया है। इस कड़ी में आज सदर प्रखंड बेगूसराय क़े वनद्वार गाँव में बरिष्ट कांग्रेस नेता मोती सिंह के अध्यक्षता में स्थानीय नेताओं और बड़ी संख्या में आम लोगों की उपस्थिति क़े बीच हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का जोरदार आगाज किया।

ज्ञात हो कि राहुल गांधी जी की भारत यात्रा और प्रादेशिक स्तर पर बिहार जोड़ो यात्रा को हर स्तर पर मिली सफलता से कांग्रेसजनों में एक नई ऊर्जा देखने को मिल रही है और कार्यकर्ता स्तर पर काफी जोश देखा जा रहा है। अभियान की शुरआत करते हुए प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, बिहार प्रदेश कांग्रेस सदस्य जयप्रकाश गुप्ता आदि ने अभियान से जुड़ते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक समरसता में क्षरण, आर्थिक मोर्चे पर सरकार की असफलता, सरकार प्रायोजित भ्रष्टाचार, मंहगाई, वेरोजगारी जैसे मुद्दों पर राहुल गांधी जी, सोनिया गांधी जी, मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने ज़ो मोर्चा खोला है और इस सन्दर्भ में भारत जोड़ो यात्रा को ज़ो अप्रत्याशीत सफलता मिली है उससे साबित होता है कि जनता अब इस सरकार क़े झांसे से अब चुकी है और अपना भरोसा फिर से कांग्रेस पार्टी क़े प्रति दिखा दिया है। इस भरोसे को कायम रखने क़े लिए हम सबने हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का आगाज किया है जिसके माध्यम से हम एकता और भाईचारे का सन्देश प्रचारित कर रहे हैं। कार्यक्रम में इन नेताओं क़े साथ विजय कुमार सिंह, राम नरेश पाठक, ज्ञानदेव सिंह, अर्जुन सिंह, राम पुकार पासवान, सुधो सिंह, महिपाल सिंह, श्रवण सिंह, राम सुधार सिंह, मो इलसाद, तथा श्रीकांत राय, सुधार राय जय प्रकाश साह नीरज कुमार सहित सैकड़ों कांग्रेस जन सम्मिलित हुए।

# आभास कुमार झा जी के अध्यक्षता में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम




**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

गढ़पुरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आभास कुमार झा जी के अध्यक्षता में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम किया गया आज के इस कार्यक्रम में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के प्रखंड प्रभारी सच्चिदानंद सिंह जी की उपस्थिति में सोनम' पंचायत आदरा भवन पर बैठक कर पूरे सोनवा गांव में वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय मलिकार्जुन खरगे जी एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय राहुल गांधी जी के द्वारा दिया गया संदेश आमजन लोगों के बीच पहुंचाने का काम किए आज के इस कार्यक्रम में गढ़पुरा प्रखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष आशीष कुमार व रामप्रवेश पोद्दार, गढ़पुरा प्रखंड कांग्रेस महिला सेल के प्रखंड अध्यक्ष श्रीमती गायत्री देवी, बेगूसराय विचार मंच के जिला अध्यक्ष श्री राम पदारथ यादव, सोनमा पंचायत के पंचायत अध्यक्ष मिथिलेश कुमार, रामगुलाम राम, भोला कुमार, सुबोध कुमार, मनोहर कुमार, सुरेंद्र कुमार, राम ध्यान शर्मा, जय देव प्रसाद यादव, राम जपु महतो उपसरपंच सोनमा बकरी विधानसभा के युवा अध्यक्ष रजनीश कुमार, मनोज प्रसाद, महिला कांग्रेस की नीलू कुमारी ,रीना देवी, मोना देवी, शिरोमणि देवी, सुनीता देवी, इत्यादि लोग आज के इस कार्यक्रम में शामिल हुए '

# कॉंग्रेसी पीएम चाहे नेहरू जी हो या डॉ मनमोहन सिंह पार्टी कार्यकर्त्ता के रूप में कभी भी काम नही किये

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

जीवन की विपरीत घड़ी में नहीं छोड़े ईमानदारी !
वसुधा को स्वर्ग बनाने की थे उन पर जिम्मेदारी !
मुश्किलों से नहीं वे हारे !
सच्चाई की राह में खड़ा रहे !
ईमानदारी को अपना कर के !
स्वयं की दृष्टि में वह बड़ा रहे !

लेकिन अभी के प्रधानमंत्री देशभर के 512 जिलों में भाजपा कार्यालय पिछले 9 साल में बना लिए, 212 दफ्तर बनकर तैयार हैं।

163 निर्माणाधीन ! हरियाणा में कार्यालय उद्घाटन के दौरान जेपी नड्डा बोलिश अब तो पार्टी के तमाम बड़े और आलीशान कार्यालय बने हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा भी था जब कार्यकर्ता अपने घरों से पार्टी का काम करते थे।

मतलब साफ है कि भाजपा अपने 9 साल के कार्यकाल में पार्टी,पार्टी कार्यालय, कार्यकर्ता,कार्य संस्कृति के लिए ईडी द्वारा उगाही किये गए धन जो पिछले 4 साल में 600 करोड़ से ज्यादा है।

बेगूसराय जिला कार्यालय हेतु अमित शाह के अध्यक्षीय काल में एक करोड़ छियालीस लाख रुपया आठ कट्ठा जमीन रजिस्ट्री के लिए स्थानीय भाजपा नेता के खाते में आया।संयोगवश गलत लिखा पढ़ी हो जाने से कार्यालय निर्माण का मामला लंबित है।

मामला सुलझने पर कई करोड़ रुपये आएंगे दिल्ली दरबार से।

पेट्रोल-डीजल- गैस के अधिक कीमतों से कमाए गए धन, जीएसटी संग्रह से प्रतिमाह 150 लाख करोड़ उगाही किया गया धन, का इस्तेमाल किया।

मालिया,मेहुल चौकसी, मुकेश अंबानी, अडानी जैसों के धराशाई हुए धन का प्रयोग जन भावना के खिलाफ बिना जादुई आंकड़ों के पूर्वोत्तर राज्य में सत्ता हासिल करने में लगाया।

ईडी, सीबीआई आज एक-एक सांसद,विधायक मंत्री के घर सही तरीके से छापामारी करें तो हम वर्तमान प्रधानमंत्री को ईमानदार बडे ओहदे वाले नेताओं के मोबाइल कॉल को ईडी अधिकारी के मोबाइल कॉल को और भाजपा आईटी सेल के मोबाइल कॉल को मिलाया जाय विपक्षी नेताओं पर छापा पड़ने के समय तो दूध का दूध पानी का पानी साबित हो जाएगा।

मैं मानता हूं कि हमाम में सब के सब नंगे हैं। लेकिन चुनावी राज्यों में गैर भाजपाई नेताओं के ठिकाने पर ईडी का शिकंजा, चुनाव समाप्ति के बाद सब के सब फ्री,यह कौन सा लोकतांत्रिक तरीका अपना रही है मोदी सरकार।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री वासव राज बोम्बई, असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनेवाल, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री कुमार देव,नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड शर्मा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे,मिजोरम और अरुणाचल के मुख्यमंत्री। को ईडी वाले डिबिया जलाकर खोज रहे थे,आज जब वह भाजपा के हो गए तो मुख्यमंत्री बने हुए हैं।

वही खेल तेजस्वी के साथ खेल रही है भाजपा,चुकी तेजस्वी ने भारत के नक्शे से बिहार का भगवा छीन लिया।

लेकिन लालू के लाल झुकेंगे नहीं---------------

रणजीत कुमार मुखिया जी पूर्व जिला सचिव बेगूसराय कांग्रेस कमेटी



# भाजपा के लिए खतरनाक होने लगा है 'लालू फोबिया'

पटना।कांग्रेस दर्पण

गलियारे में गोवार --- 2
--- वीरेंद्र यादव, राजनीतिक विश्लेषक, पटना -
birendrayadavnews.com

पिछले दिनों बिहार के संदर्भ में दो बड़ी घटनाएं हुईं। पहली घटना थी लालू यादव के करीबियों के ठिकानों पर केंद्रीय एजेंसियों के छापे और दूसरी घटना थी तमिलनाडू में बिहारियों पर हमले की फर्जी खबर। दोनों का सीधा संबंध भाजपा ने नहीं था, लेकिन पीछे से भाजपा फूंक मार रही थी। फूंक मारने के फेर में इस बार भाजपा का मुंह झुलस गया है।

बिहार भाजपा की पूरी राजनीति लालू यादव परिवार के विरोध पर निर्भर है। पिछले तीन दशक का इतिहास है कि भाजपा कभी अपने मुद्दे की राजनीति नहीं की है। उसने बराबर लालू यादव के परिवार की आड़ में राजनीति की है। यही वजह है कि वर्षों सत्ता में रहने के बाद भाजपा रीढ़विहीन बनी रही। भाजपा के कुछ नेताओं ने भी रीढ़विहीन बनाये रखने की रणनीति पर काम किया था। आज भाजपा के पास कोई राज्यव्यापी नेतृत्व नहीं है। पार्टी ने जिन नेताओं को बड़े पदों की जिम्मेवारी सौंपी है, उनकी पहचान एक जाति के नेता से अधिक कुछ नहीं है।

वैसे स्थिति में भाजपा फर्जी खबर और केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से राजनीतिक तूफान की कोशिश कर रही थी। फर्जी खबर का गुब्बारा फूट चुका है। केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई भी अब मजाक बन गयी है। सीएम नीतीश कुमार ने भी केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई को भाजपा की राजनीति का हिस्सा करार दिया है। बिहार का वर्तमान राजनीतिक परिवेश भाजपा के खिलाफ होता जा रहा है। पिछड़ों एवं दलितों में घुसपैठ की कोशिश विफल होती जा रही है। पिछड़ों और दलितों को भाजपा ने जोड़ने की कई कोशिश की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। भाजपा सवर्णों और बनियों से आगे नहीं बढ़ पा रही है। यही भाजपा की असली बेचैनी है।

BYN
Best Reporting
श्रेष्ठ रिपोर्टिंग

बिहार में जाति आधारित गणना का असर देश भर में पड़ेगा। जुलाई-अगस्त से पहले इसकी रिपोर्ट आ जायेगी। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो जाति आधारित गणना की रिपोर्ट के आधार पर 15 अगस्त को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गांधी मैदान से पिछड़ा और अतिपिछड़ा का आरक्षण कोटा 50-55 प्रतिशत कर सकते हैं। इस प्रकार सवर्ण, एससी और एसटी का आरक्षण कोटा मिलाकर आरक्षण 80 फीसदी तक पहुंच जाएगा। इसके साथ ही तेली, हलवाई जैसी बनिया जातियों को अतिपिछड़ा से निकालने की घोषणा हो सकती है। बिहार सरकार के इस प्रकार के निर्णय का असर देश-व्यापी होगा। नीतीश कुमार जाति आधारित गणना और आरक्षण कोटा में वृद्धि को राष्ट्रीय मुद्दा बनाकर राष्ट्रीय राजनीति कर सकते हैं।

दरअसल भाजपा बिहार में लालू फोबिया से ग्रस्त हो गयी है। इससे आगे बढ़ने की ताकत भाजपा के पास नहीं है और कोई मुद्दा भी नहीं है। फर्जी खबर और केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई में फूंक मारने के फेर में भाजपा का मुंह झुलस गया है। वह दलितों और पिछड़ों को यह नहीं समझा पा रही है कि सरकार में रहते हुए उनके लिए क्या किया। पिछले तीन दशक से भाजपा अपने कुनबे के साथ लालू यादव परिवार के खिलाफ अभियान चला रही है, लेकिन अपने पक्ष में माहौल बनाने में विफल रही है। यही भाजपा की सबसे बड़ी त्रासदी है।



जो भी तानाशाह हुए, उन्हें जगत करता अपमान।

न माने तो औरों से भी पूछें, कैसा देते उन्हें स्थान।

गांधी तो ऐसा नूर निकले,जिससे मिटते अंधकार।

जगत उस पग पे चले, पर गोडसे को न पूछन हार।

दिनेश शंकर दास, BPCC



**ग्राम भेंडरवानी में श्री राधे कृष्णा फाग समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में एक दिवसीय फाग गीत एवं झांकी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर ग्रामवासियो को होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएँ दिए एवं छत्तीसगढ़ी सुवा नृत्य में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रशस्ती प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।**



# बेगूसराय : अरुण कुमार सिंह क़े नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम आयोजित

पटना। कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस पार्टी का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान इन दिनों जोरशोर से चल रहा है। इस कड़ी में बेगूसराय सदर प्रखंड क़े खम्हार पंचायत में स्थानीय सरपंच अरुण कुमार सिंह क़े नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम आयोजित किया गया है। ज्ञात हो कि भारत जोड़ो यात्रा क़े बाद उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ता शीर्ष नेतृत्व क़े निर्देशन और जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह एवं पूर्व विधायक अमिता भूषण क़े नेतृत्व में पंचायत स्तर पर हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने कि देश एक ऐसे दौराहे पर खड़ा है जहाँ आर्थिक विसंगति, महंगाई और वेरोजगारी क़े अलावा समाज क़े भाईचारे पर भी खतरा आता दिख रहा है।

ऐसे में एक राष्ट्रीय दल और प्रमुख विपक्षी पार्टी क़े रूप में कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारी बनती है कि देश को सही दिशा में ले जाने का हर प्रयास मजबूती से करे। हाथ से हाथ कार्यक्रम इस दिशा में भारत जोड़ो यात्रा क़े बाद एक और बड़ा प्रयास है जिसमे पंचायत स्तर पर कार्यकर्ता राहुल जी, सोनिया जी और खड़गे जी क़े सन्देश को लोगों तक पहुंचा रहे हैं। आज क़े कार्यक्रम में अंजनी सिंह, अशोक सिंह, मुकेश सिंह, अनिल सिंह, पप्पू सिंह, प्रमोद सिंह, रामचंद्र सिंह, राम प्रकाश सिंह, रितेश कुमार, सुबोध सिंह, घनश्याम सिंह, उदय शंकर सिंह, अवनीश कुमार मुखिया, विजय कुमार सिंह,, तथा श्रीकांत राय, सुधीर राय,जय प्रकाश साह, नीरज कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थें।




# झारखंड: भाजपाई सांसद जागो -- सदन में मंहगाई पर चर्चा से मत भागो !




पटना। कांग्रेस दर्पण

झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्षा सुश्री गुंजन सिंह के नेतृत्व में राँची सांसद संजय सेठ के आवास के समक्ष धरना व प्रदर्शन किया गया। आज ये कार्यक्रम लगभग सभी जिलों में महिला कांग्रेस के द्वारा किया गया है।



# कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा सीवान शहर में शुरू

## शहरवासियों का जबरदस्त समर्थन, राहुल गाँधी की हजारों चिट्ठियां सीवानवासियों तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहुंचाई

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

सीवान, 12मार्च,2023:-

कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा सीवान शहर में शुरू हुआ। पदयात्रा को हर जगह जबरदस्त समर्थन मिला। इस दौरान राहुल गाँधी की हजारों चिट्ठियां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीवानवासियों को दी। राहुल गाँधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दरम्यान लोगों की परेशानियों को महसूस करने के बाद देशवासियों के नाम चिट्ठी जारी की है। हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता घर घर जाकर चिट्ठी दे रहे हैं। इस अभियान में वे आमजन की समस्याओं को जानकर उन्हें प्रशासन और सरकार के स्तर पर समाधान की कोशिश भी करेंगे।

आज सीवान विधानसभा में पदयात्रा की शुरूआत शहर के पटेल चौक से शुरू हुआ। हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा जेपी चौक, रजिस्ट्री कचहरी, नई किला, निराला नगर, डीएवी कॉलेज, शेखर सिनेमा, शांति वट वृक्ष, बड़ी मस्जिद होते हुए शहीद सराय पहुंचा। सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण से शुरू यात्रा शहीद सराय स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि करने के बाद पूरी हुई।

शहीद स्मारक के समीप हुई सभा की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. विधु शेखर पांडेय ने कहा कि कांग्रेस ने आज़ादी के बाद बहुत मुश्किल हालातों में देश को संभाला। सुई के कारखाने से लेकर परमाणु हथियार संपन्न बनाया। कभी खाने को लाले थे वहाँ हरित क्रांति लाकर आत्मनिर्भर भारत बनाया। आज कांग्रेस के समय बनाई गई संपत्तियों को बेचकर भाजपा वाले कहते हैं कि कांग्रेस ने क्या किया?




सभा को संबोधित करते हुए अभियान के सीवान विधानसभा प्रभारी सुशील कुमार ने कहा कि कुछ लोग कांग्रेस मुक्त बनाने का सपना देख रहे हैं। उनका सपना इस जन्म में तो पूरा नहीं होनेवाला। कांग्रेस पार्टी ने न सिर्फ देश से अंग्रेजों को खदेड़ भारत को आजाद कराया। आजादी के बाद एक मजबूत भारत का निर्माण किया। जिनकी आज़ादी के आंदोलन में कोई भूमिका नहीं थी, जो अंग्रेजों की चाकरी करते थे वे अभी देशभक्ति का सर्टिफिकेट बांट रहे हैं। देश के बेचने वाले जब देश बेच रहे हैं उसी वक्त बचाने के लिए सबको आगे बढ़ आज़ादी की दूसरी जंग छेड़नी होगी। शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं बिहार प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. के. एहतेशाम अहमद ने कहा कि महंगाई डायन लगती थी अब डार्लिंग बन गई है। व्हाट्स अप यूनिवर्सिटी से अधकचरा ज्ञान बांट भक्त तैयार किया जा रहा है और अपना असली खेल जारी है. इनका असली खेल है देश को बेच दोस्तों को फायदा पहुंचाना। अमित शाह का बेटा तो बीसीसीआई का सचिव बन गया आम जन के लड़के पकौड़ा तलेंगे.

धन्यवाद ज्ञापन युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष शशि भूषण गुप्ता ने किया. मौके पर पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता यशवंत कुमार चमन, जवाहर राम, अनंत तिवारी, ध्रुवलाल प्रसाद, मो. अलाउद्दीन, लालबाबू खरवार, कमल किशोर ठाकुर, हाफिज जुबैर, नीरज यादव, बच्चा तिवारी, इरफान, आशुतोष यादव, जय प्रकाश दुबे, मो. कैसर, विकास तिवारी, उमाशंकर राम, खालिद जमशेद, मो. इजहार, संस्कार यादव, राधेश्याम शर्मा, मेहंदी आसिफ अनवर, अमित कुमार, शर्मा राम समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।




**कलार महासम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष मोहन मरकाम जी के सम्मिलित हुए मोहन मरकाम भैया जिंदाबाद**


# प्रियंका गांधी वाड्रा

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

चुनाव आते नहीं कि ED-CBI जैसी एजेंसियों को भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए छोड़ देती है।


प्रधानमंत्री जी के मित्र पर लाखों करोड़ के घोटाले के आरोप लगे हैं, उनपर ये एजेंसियां कार्रवाई क्यों नहीं कर रही हैं? भाजपा के भगोड़े मित्र देश का हजारों करोड़ लेकर उड़ गए, तब ये एजेंसियां कहां थीं? अगर कोई नेता भाजपा ज्वाइन कर ले तो जांच तुरंत बंद हो जाती है।

मेघायल में जिस पार्टी को 'सबसे भ्रष्ट' बता रहे थे, उसी के साथ सरकार बना ली और प्रधानमंत्री जी खुद आशीर्वाद देने पहुंचे। कर्नाटक में भाजपा विधायक के घर से 8 करोड़ कैश मिला, उसे अगले ही दिन जमानत मिल गई। 40% कमीशन के लिए बदनाम



कर्नाटक की भाजपा सरकार में किसके खिलाफ कार्रवाई हुई? उत्तराखंड और गुजरात जैसे भाजपा की सरकारों वाले राज्यों में भ्रष्टाचार के मामले सामने आये, किसके खिलाफ कार्रवाई हुई?

देश की जनता यह अत्याचार देख रही है, समय आने पर जवाब देगी।






## सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण पर संकल्प

*जो 25 और 26 फ़रवरी को रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित*

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन

*में लिया गया है*

30

अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी) और जनजातीय उप-योजना (टीएसपी) की अवधारणा श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा सत्तर के दशक के अंत में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विकास को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण नीति के रूप में पेश की गई थी। नीति का आवश्यक घटक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के अनुपात में बजट का एक हिस्सा ऐसी योजनाओं पर निवेश करने के लिए निर्धारित करना है, जो दूसरों की तुलना में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बीच विकास के गैप को पाटने की क्षमता रखती हैं। 2012 और 2013 में क्रमशः अविभाजित आंध्र प्रदेश और कर्नाटक राज्य में कांग्रेस की राज्य सरकारों ने एससीएसपी और टीएसपी की नीति को कानूनी समर्थन देने के लिए राज्य स्तर पर कानून बनाया और एससी और एसटी के विकास में तेजी लाने के लिए एक प्रभावी दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया है।

**हाथ से हाथ जोड़ो, आओ भारत जोड़ो!**

inc_bihar | INCBihar | Indian National Congress- Bihar | www.biha

---



## सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण पर संकल्प

*जो 25 और 26 फ़रवरी को रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित*

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन

*में लिया गया है*

31

कांग्रेस पार्टी यह सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय कानून बनाने को प्रतिबद्ध है कि देश में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की आबादी के अनुपात में केंद्र सरकार के बजट का एक हिस्सा निर्धारित किया जाए, ताकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सतत विकास को बढ़ावा दिया जा सके और उन्हें समाज में बाकी के बराबर लाया जा सके।

**हाथ से हाथ जोड़ो, आओ भारत जोड़ो!**

inc_bihar | INCBihar | Indian National Congress- Bihar | www.biha



## सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण पर संकल्प

*जो 25 और 26 फ़रवरी को रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित*

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन

*में लिया गया है*

32

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ओबीसी के सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस ओबीसी के विकास की जरूरतों को पूरा करने वाले कार्यक्रमों को डिजाइन और कार्यान्वित करने की आवश्यकता को पहचानती है। कांग्रेस ओबीसी के विकास में तेजी लाने के लिए विशेष बजटीय आवंटन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**हाथ से हाथ जोड़ो, आओ भारत जोड़ो!**

inc_bihar | INCBihar | Indian National Congress- Bihar | www.biha